## एक नजर में



### पद्मश्री डॉ . राजपुरोहित सम्मानित

**उज्जैन।** उज्जैन का इतिहास गौरवशाली है यहां से कई राजा, महाराजा संत मनीषयों ने दुनिया मे अपने ज्ञान, पराक्रम, शौर्य से उज्जैयनी की कीर्ति पतका को विश्वभर में फैलाया है। हमारी युवा पीढ़ी व समाजजनों को अपने इतिहास व संस्कृति से जोड़ने का जो प्रयास संस्कृति रक्षक मंच द्वारा हो रहा है वह सराहनीय है। यह बात पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित ने संस्कृति रक्षक मंच उज्जैन द्वारा उन्हें प्रदान किये गये संस्कृति संवाहक सम्मान 2026 के प्रतिउत्तर में सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरी महाराज ने कहा की संस्कृति रक्षक मंच का यह आयोजन बहुत ऐतिहासिक है। विशेष अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि डॉ. राजपुरोहित का सम्मान करना ऐतिहासिक क्षण है। डॉ.रमनसिंह सिकरवार ने कहा के संस्कृति रक्षक मंच विगत कई वर्षो से बिना प्रचार प्रसार के समाज में जो कार्य कर रहा है वह सराहनीय है। अध्यक्षता पं. शिवेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। संस्था का परिचय डॉ.मयूर अग्रवाल ने व अतिथि परिचय प्रो.आशीष मेहता ने दिया एवं स्वागत भाषण आशुतोष मीणा ने दिया। साथ ही सम्मान पत्र का वाचन डॉ. प्रवीण जोशी ने किया। तत्पश्चात् अतिथियों ने स्वास्तिक वाचन के मध्य डॉ. राजपुरोहित को संस्कृति संवाहक सम्मान प्रदान किया। संचालन मुकेश धाकड़ ने किया एवं आभार महेश साहू ने माना एवं अंत में कैलाश मानसरोवर की मुक्ति एवं धार की भोजशाला में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा किये जाने को लेकर संकल्प लिया गया।



### इंटरनेशनल कान्क्लेव परंपरा का शुभारंभ

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्क्लेव परम्परा का शुभारंभ गुरु सांदीपनि आश्रम के महंत पं. राहुल व्यास के मुख्य अतिथ्य में हुआ। कालेज की स्वामी आनन्दजीवन दास चेयर द्वारा आयोजित कान्क्लेव का शुभारंभ करते हुए गुरु सांदीपनि के वंशज पं. राहुल व्यास ने कहा कि सन्देह से सन्देह और विश्वास से विश्वास बढ़ता है। इसलिए अपना आचरण अच्छा रखें। संबंधों में पारदर्शिता रखें और सनातन को आगे बढ़ाएं। कान्क्लेव की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रो अल्पना उपाध्याय ने कहा कि इस चेयर की स्थापना भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए हुई है। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य डॉ. शौभा मिश्रा ने प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. नीता तोमर ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. राजश्री सेठ, एकनाथ भगत ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षक उपस्थित थे।



### शिव एवं माता पार्वती का विवाह हुआ

**उज्जैन।** श्री मौनतीर्थ पीठ में ब्रह्मर्षि श्रीश्री मौनीबाबा महाराज द्वारा त्रिजुगीनारायण से लाई गई। पावन अग्नि से प्रतिदिन आयोजित होने वाले महामृत्युंजय महायज्ञ के समक्ष महू निवासी सक्षम एवं प्रिया ने विवाह के सात फेरे लिए। यह पवित्र विवाह पूज्य गुरुदेव अनंतश्री विभूषित डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। श्री मौनतीर्थ पीठ के विद्वान आचार्यों एवं पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ विवाह संस्कार पूर्ण कराया। उल्लेखनीय है कि त्रिजुगीनारायण वह पावन तीर्थ है, जहां भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। मान्यता है कि इस दिव्य यज्ञ की साक्षी में विवाह करने तथा विवाह पश्चात यहां दर्शन मात्र से दांपत्य जीवन सुखमय, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध होता है। साथ ही जिन दंपतियों के बीच कलह या क्लेश बना रहता है, उनके लिए भी यहां दर्शन से गृहस्थ जीवन में सुख-शांति एवं सौहार्द्र का संचार होता है। आध्यात्मिक वातावरण और वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न यह विवाह समारोह श्रद्धा, आस्था और सनातन संस्कृति का अनुपम उदाहरण रहा।



### बटुकों ने किया मां सरस्वती का पूजन

**उज्जैन।** संस्कृत वैदिक गुरुकुल में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वेद एवं मां सरस्वती का विधिवत पूजन वैदिक बटुकों द्वारा संपन्न हुआ। यह आयोजन दत्त अखाड़ा स्थित गुरुकुल परिसर में हुआ, जो कि महंत पीर सुंदरपुरी महाराज, गादीपति दत्त अखाड़ा, राम घाट उज्जैन के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्कृत वैदिक गुरुकुलम, संजय गोस्वामी, पुरुषोत्तम बैरागी एवं आचार्य आशुतोष शर्मा के द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया।



### नेताजी अमर रहे से गूंजा फव्वारा चौक

**उज्जैन।** क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वी जयंती के अवसर पर फव्वारा चौक में अन्नपूर्णा ग्रुप द्वारा स्थापित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अन्नपूर्णा ग्रुप के बैनर तले योगेश शर्मा, सुखदेव यादव, अरमान सुभाष यादव, केदार परिहार, संचित शर्मा, शैलेंद्र परमार, बबलू तिवारी, अखलाक खान, बादल गुप्ता, अंकित यादव, माधव डागा, आलम लाला, हरीश जैन आदि की उपस्थिति में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान नेताजी अमर रहे, के उद्घोष से फव्वारा चौक गूंज उठा।

# राहगीरी में खुलेगा किसान कल्याण का पिटारा-अन्नदाता को समर्पित रहेगा उत्सव

## बीएसएफ, सीआरपीएफ और पुलिस बैंड द्वारा दी जाएगी प्रस्तुति, मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के साथ सेल्फी लेने का मिलेगा शहरवासियों को मौका



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किए जाने के बाद किसानों के हित में पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में उन्नत किसान थीम पर राहगीरी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शासन, प्रशासन और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिलेगी। राहगीरी के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों को लेकर बड़ी घोषणा भी कर सकते हैं।

राहगीरी आयोजन के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पूरे आयोजन मार्ग पर स्वागत मंच बनाए जा रहे हैं। वहीं कोठी क्षेत्र में मुख्य मंच तैयार किया गया है। जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्‌बोधन देंगे। कार्यक्रम स्थल को एलईडी स्क्रीन, विद्युत सज्जा, रंग-रोगन, चित्रकारी और सौंदर्यीकरण कार्यों से सजाया गया है।

ग्रामीण विकास, जनपद पंचायत, आजीविका मिशन, कौशल विकास तथा महिला स्व-सहायता समूहों की भी सक्रिय सहभागिता रहेगी। इन मंचों के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर किसानों से जुड़ी योजनाओं, जैविक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक, पशुपालन, उद्यानिकी और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। इवेंट डायरेक्टर कपिल यार्दे के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं राहगीरी में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत तरणताल क्षेत्र से होगी। जहां मुख्यमंत्री की विशेष एंट्री के साथ आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री किसान की वेशभूषा में भी नजर आएंगे और बैलगाड़ी के माध्यम से सहभागिता कर उन्नत किसान की भावना को साकार करेंगे। सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में चल रहे विकास कार्यों को एलईडी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।



ताकि शहरवासियों को आगामी सिंहस्थ की तैयारियों की जानकारी मिल सके। ई-वे ग्रुप द्वारा विक्रम वाटिका से अटल पार्क के बीच एक वृहद बनाया जा रहा है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया जाएगा।

### बीएसएफ सीआरपीएफ और पुलिस बैंड

इस आयोजन में बीएसएफ, सीआरपीएफ और पुलिस बैंड की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। राहगीरी के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने मंच लगाए जाएंगे, जिनमें कृषि विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, पशुपालन, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, आयुष, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, परिवहन, लोक निर्माण, जल संसाधन, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, गृह रक्षा, खेल एवं युवा कल्याण, जन अभियान परिषद, उज्जैन स्मार्ट सिटी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा, जिला उद्योग केंद्र और सहकारिता विभाग शामिल हैं।

### योग ध्यान प्राणायाम

राहगीरी में स्वच्छता अभियान, फिट इंडिया, योग, ध्यान, प्राणायाम, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही खान-पान, पुस्तकों की बिक्री और जागरूकता से जुड़े स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिससे आयोजन जनसहभागिता का रूप ले सके। शहरवासियों के साथ जिस प्रकार से राहगीरी का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 जनवरी की सुबह करने वाले हैं ऐसे में सभी को उनके साथ सेल्फी लेने का भी एक अच्छा अवसर मिलेगा। विदित हो कि सबसे ज्यादा यहां पर बच्चों का उत्साह देखने को मिलेगा।

### सफाई अभियान जोरों पर

प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और साफ-सफाई को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। विक्रम वाटिका परिवार द्वारा एक क्विंटल पोहे बनाए जा रहे हैं। जो राहगीरी के दौरान वितरित किए जाएंगे, समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विक्रम वाटिका के अंदर भी आएंगे और वाटिका में योग ध्यान प्राणायाम, एक्सरसाइज जो प्रतिदिन जो करते हैं वह सभी सदस्य स्वागत करेंगे। राहगिरी के दौरान पूरे मार्ग पर भजन गीत संगीत आर्केस्ट्रा का भी आयोजन होगा। पं. हेमंत व्यास मित्र मंडली द्वारा भी प्रस्तुत की जाएगी।

## हितग्राहियों को हित लाभ वितरण किए

**उज्जैन।** 23 जनवरी को केरल के तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम स्वनिधि योजना कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम मुख्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें महापौर मुकेश टटवाल द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत हित लाभ वितरित किए गए। जिसमें हितग्राहियों को 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार के हितलाभ एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपायुक्त मनोज मौर्य, अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव मिश्रा उपस्थित रहे।

**25 से श्रीमद् भागवत कथा-**
**उज्जैन।** राष्ट्रीय संत प्रीतम महाराज रूद्रेश्वर धाम, तलेन जिला राजगढ के मुखारबिंद से मालवा क्षेत्र चिंतामण गणेश धाम के महाकाल गार्डन में 25 जनवरी से 31 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा आयोजक चिंतामण गणेश निवासी म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष एवं सेवा निवृत शिक्षक मानसिंह चौहान ने बताया कि गुरूदेव प्रीतम जी महाराज की ईच्छानुसार अवंतिका नगरी में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। गुरूदेव प्रीतमजी महाराज भागवत कथा के नाम से राशि नही लेकर नि:शुल्क भागवत कथा करते है।

## साइबर फ्रॉड में शामिल 213 मोबाइल नंबर कराए बंद

**उज्जैन।** ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड को लेकर पुलिस आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लगातार प्रयास कर रही है। इसी प्रयास में पुलिस ने 213 मोबाइल नम्बरों को बंद कराने की प्रक्रिया को पूरा किया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी के लिये फर्जी मोबाइल नंबरों का उपयोग किया जाता है। साइबर ठगी की शिकायत लगातार सामने आने पर ठगी में उपयोग होने वाले मोबाइल नंबरों को साइबर पुलिस टीम की मदद से लगातार चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान 213 नंबर ऐसे सामने आये जिनके माध्यम से फर्जी लोन, ब्लैकमेलिंग के साथ कई तरह



की साइबर ठगी को अंजाम देने में उपयोग किया जा रहा था। सभी 213 मोबाइल को संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से समन्वय स्थापित कर बंद कराये गये हैं। एसपी शर्मा के अनुसार उज्जैन पुलिस की नीति साइबर अपराधों के प्रति पूर्णत: शून्य सहनशीलता की है। नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े किसी भी विषय पर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वह आम लोगों से अपील है कि किसी भी प्रकार के फर्जी कॉल, लोन प्रस्ताव, ब्लैमेलिंग, पुलिस अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का भय जैसे कॉल आये तो उसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर हेल्प लाइन 1930 पर या फिर नजदीकी पुलिस थाने पर दर्ज कराये।

### पशु चिकित्सक कर रहे युवक ने खाया जहर

उज्जैन। घर से निकलने के बाद दूसरे गांव पहुंचे युवक ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर ममेरे भाई को फोन लगाया। युवक को अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। तराना के हनुमंत्या में रहने वाला चंद्रपाल पिता भगवानसिंह 25 वर्ष ने बीती शाम ग्राम करंज में जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसने अपने मामा के पुत्र बलराम को कॉल कर जहर खाने की जानकारी दी। परिजन करंज पहुंचे और चंद्रपाल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां से उज्जैन लाया गया लेकिन चंद्रपाल की रात में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि चंद्रपाल फायनल की पढ़ाई पूरी कर चुका था और पशु चिकित्सक का कोर्स कर रहा था। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मृतक के मोबाइल को जांच में लेगी।

### एसटीएफ ने स्मैक तस्करों को भेजा जेल

उज्जैन। एसटीएफ टीम द्वारा 19 जनवरी को आगररोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास लवखेड़ी हनुमान मंदिर के पास से क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 झेड टी 2343 में मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त करते अभिषेक सोनकर, अजय प्रजापति निवासी जबलपुर और जयदीप परिहार निवासी आलोट रतलाम को गिरफ्तार कर 410 ग्राम स्मैक 41 लाख की बरामद की थी। तीनों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया था। गुरुवार को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। एसटीएफ उपपुलिस अधीक्षक योगेन्द्र यादव ने बताया कि तीनों से महत्वपूर्ण सुराग मिले है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

### दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा ड्रायवर का शव

उज्जैन। ड्रायवरी करने वाले युवक का दो दिन से दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़ने पर ड्रायवर का शव फंदे पर लटका मिला। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि पंचक्रोशी मार्ग उण्डासा स्थित विजयनगर में रहने वाला लक्ष्मीनारायण पिता मांगीलाल पंवार के मकान का दरवाजा दो दिन से नहीं खुलने पर आसपास के लोगों ने सूचना दी थी। बीती शाम पुलिस ने मौके पर पहुंच दरवाजा तोड़ा तो लक्ष्मीनारायण का शव फंदे पर लटका मिला। मौके पर भाई टीकम पहुंच गया था जिसने बताया कि लक्ष्मीनारायण की तीन बेटियां हैं। पत्नी बेटियों के साथ मायके दमोह गई हुई है। लक्ष्मीनारायण घर पर अकेला था। पुलिस के अनुसार घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है वहीं आत्महत्या की वजह भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। संभावना है कि आर्थिक परेशानी या पारिवारिक विवाद के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

## मां वाग्देवी से ज्ञान, सद्बुद्धि की कामना

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की सतत् शिक्षा अध्ययनशाला एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां वाग्देवी (सरस्वती) का नन्हीं बालिका पूर्वी शर्मा द्वारा श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिविधान से पूजन - अर्चन किया गया। अध्ययनशाला में इस अवसर पर आध्यात्मिक चिंतन विमर्श आयोजित किया गया, इसमें बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रभारी संचालक डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि यह पर्व भारतीय ज्ञान परंपरा, शिक्षा एवं संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विशेष प्रेरणादायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों को भी अपने जीवन में आत्मसात करें। प्राध्यापक डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि माँ सरस्वती केवल ज्ञान की देवी नहीं, बल्कि विवेक, नैतिकता और सृजनशीलता की प्रतीक हैं। बसंत पंचमी का पर्व हमें निरंतर अध्ययन, शोध और नवाचार की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर डॉ. सुशील कुमार शर्मा, डॉ. अजय शर्मा सहित अध्ययनशाला के विद्यार्थियों गौरव गडकरी, कुलदीप शर्मा, गोपाल माली, रवींद्र सिंह राणावत आदि उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लेकर शैक्षणिक उन्नति एवं सृजनात्मक कार्यों में निरंतर प्रगति की कामना की।

## 25 को इंटरस्कूल ओपन शतरंज स्पर्धा

**उज्जैन।** उज्जैन डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटरस्कूल ओपन जिला स्तरीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी रविवार को नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, देवास रोड, उज्जैन परिसर में बुद्धिबल चेस अकैडमी के तकनीकी सहयोग से होगा। प्रतियोगिता में अंडर-10, अंडर-13 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग लेंगे। प्रत्येक वर्ग में विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए जाएंगे। साथ ही बेस्ट स्कूल ट्रॉफी भी दी जाएगी, जो सभी खिलाड़ियों के कुल अंकों के आधार पर तय की जाएगी। प्रतियोगिता कुल 8 राउंड में खेला जाएगी। जिसमें समय नियंत्रण 10 मिनट + 5 सेकंड प्रति खिलाड़ी रखा गया है। खिलाड़ियों की रिपोर्टिंग समय सुबह 9 बजे रहेगा। प्रतियोगिता पंजीयन करने की अंतिम तिथि 24 जनवरी शाम 6 बजे तक रहेगी तथा स्पॉट पंजीयन नहीं होगा। प्रतियोगिता में विजेताओं को 30 ट्रॉफी एवं 60 मेडल प्रदान की जाएंगे।

## समूह की महिलाओं ने किट से की पानी की 300 से अधिक टेस्टिंग

**उज्जैन। अमृत मिशन योजना अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वार्डों में घर-घर पहुंचकर पीएचई द्वारा की जा रही पेयजल सप्लाई के दौरान पानी की ( टेस्टिंग ) शुद्धता की जांच करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में बाबा महाकाल के अन्न क्षेत्र का भोजन प्रसाद एवं चलित वाहन के माध्यम से भी काल भैरव मंदिर के बाहर भोजन प्रसादी नि:शुल्क रूप से उपलब्ध करवाई जाती है।**

उक्त कार्यों को लेकर शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में समूह की महिलाओं के साथ चर्चा करते हुए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही महिलाओं द्वारा जो समस्याएं एवं विषय बताए गए हैं उनके समाधान की बात कही गई।

अमृत मिशन के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वार्डों में पानी की टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए महिलाओं को टेस्टिंग किट उपलब्ध करवाई गई है एक टेस्टिंग किट से लगभग 300 टेस्टिंग की जाती है। उक्त कार्य के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिससे घरों में टेस्टिंग के दौरान क्लोरीन डालकर पानी के पीएच की जांच की जाती है। इस कार्य हेतु प्रत्येक टेस्टिंग पर 48 रुपए का भुगतान किया जाता है। चर्चा के दौरान महापौर मुकेश टटवाल द्वारा समूह की महिलाओं से कहा कि वार्ड में पानी की टेस्टिंग के लिए क्षेत्र के पार्षद को अवगत कराते हुए आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि टेस्टिंग का कार्य अच्छे से किया जा सके। क्योंकि जनता के बीच जाना है तो क्षेत्रीय पार्षद को इसकी जानकारी होना चाहिए ताकि उक्त कार्य की जानकारी अपने क्षेत्र की जनता को दे सके टेस्टिंग के कार्य की गति बढ़ाते हुए सक्रियता के साथ कार्य करें।

**बसंत पंचमी...** वैष्णव मंदिरों में भी होली उत्सव शुरू, सांदीपनि आश्रम में केसर जल से अभिषेक

# उज्जैन में बसंत पंचमी की धूम, महाकाल को गुलाल अर्पित-सरस्वतीजी को स्याही चढ़ाने उमड़े

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** बसंत पंचमी पर शुक्रवार को मंदिरों में विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ होली उत्सव की शुरुआत हुई। भस्मारती में पुजारियों ने भगवान महाकाल को पीले रंग के बसंत के फूल तो शाम को हुई संध्या आरती में गुलाल अर्पित कर होली उत्सव की शुरुआत की। अब प्रतिदिन की आरती में राजाधिराज महाकाल को गुलाल अर्पित की जाएगी। होली व रंगपंचमी पर्व तक यह सिलसिला चलता है। इसलिए उज्जैन में बसंत पंचमी से रंग पंचमी तक 40 दिन की होली मनती है। वहीं ढाबा रोड स्थित वैष्णवों की प्रमुख हवेली श्री नाथ जी में सुबह की आरती में ठाकुरजी को अबीर-गुलाल अर्पित कर होली पर्व की शुरुआत की गई। यहां भी 40 दिन तक होली खेली जाएगी। प्रतिदिन आरती में पहले मुखिया जी भगवान को अबीर-गुलाल लगाएंगे फिर भक्तों पर उड़ाकर होली खेली जाएगी। इधर मंगलनाथ मार्ग पर स्थित सांदीपनि आश्रम में




शुक्रवार को बसंत पंचमी पर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। इस अवसर पर उनकी सामूहिक रूप से पट्टी पूजा कराई गई। सुबह भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का केसर युक्त जल से अभिषेक किया गया। पीले वस्त्र धारण कराकर पीले बसंत के फूलों से श्रृंगार किया व भोग में केसरिया भात अर्पित किए गए। सिंहपुरी में स्थित 500 साल पुराने सरस्वती के मंदिर में बच्चे स्याही चढ़ाने के लिए उमड़े। वर्ष में एक बार



पंचमी के दिन यहां नीली स्याही चढ़ाने की परंपरा है। सुबह से शाम तक मंदिर में बच्चों का तांता लगा रहा।

### सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर में हुई सीता रसोई

उज्जैन। ऋषिनगर स्थित सौभाग्येश्वर महादेव श्रीराम मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीता रसोई, महा आरती, अखंड रामायण सुंदरकांड एवं विशाल



भंडारा दाल बाटी चूरमे का आयोजन हुआ। जिसमें करीब 11000 लोगों ने दाल बाटी चूरमे का प्रसाद लिया। महंत पुजारी लखन शर्मा ने बताया कि प्राचीन श्री सौभाग्येश्वर महादेव राम मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात संध्या 6 बजे से हनुमान चालीसा पाठ भजन संध्या प्रारंभ हुआ। भगवान को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। तत्पश्चात विशाल भण्डारा नगर भोज प्रारंभ हुआ। सौभाग्येश्वर महादेव मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्राण जनता का इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने पर आभार व्यक्त किया।